शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 02.07.2024

थाना निगोही पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 01 नफर अभियुक्त को मय चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान जनपद में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही एवं अपराध की रोकथाम के अभियान के क्रम में श्री संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में व श्री बी0एस0 वीर कुमार क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना निगोही पुलिस टीम को बडी कामयाबी हासिल हुई।

वादिनी की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना हाजा पर दिनाँक 01.07.2024 को मु0अ0सं0 352/2024 धारा 380/411 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 29.06.2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन की अलमारी में रखे पुराने रजिस्टर (भरे हुए पत्र व्यवहार,छात्र–उपस्थिति,अध्यापक –उपस्थिति,टी.सी.बुक,परीक्षाफल गजट व छात्रवृत्ति रजिस्टर आदि चोरी कर लेने के सम्बन्ध में पंजीकृत हुआ था। जिसमें आज दिनाँक 02.07.2024 को थाना निगोही पुलिस द्वारा अभियुक्त राजबीर राजपूत पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम हमजापुर थाना निगोही शाहजहाँपुर को कबाडी की दुकान तिलहर रोड से मय चोरी किये माल भिन्न भिन्न विषयो की 18 सरकारी किताबो के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है एवं मुकदमा उपरोक्त में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

1.राजबीर राजपूत पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम हमजापुर थाना निगोही शाहजहाँपुर

अपराधिक इतिहास

मु0अ0सं0 352/24 धारा 380/411 भादवि थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

अभियुक्ता से बरामद माल

भिन्न भिन्न विषयो की 18 सरकारी किताबे

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

व0उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार

रि0उ0नि0 गौरव कुमार

का0 724 विक्रम सिंह